खोखो प्रतियोगिता में सर सैयद रहा अव्वल

उन्नाव : सरसैय्यद की विजेता व सरस्वती विद्या मन्दिर सिविल लाइन की बालिका वर्ग की उपविजेता टीम।

उन्नाव(एसएनबी)। श्री राम मूर्ति स्मारक बिजनेस स्कूल सोहरामऊ में ऊर्जा स्पोर्ट्स क्लब के तत्वावधान में अंतर विद्यालय खो खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद के विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ संस्था के निदेशक श्यामल गुप्ता, संकायाध्यक्ष डा. मनोज पांडेय, दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रतियोगिता के फाइनल मैच में बालक वर्ग में सरसैय्यद पब्लिक स्कूल उन्नाव ने श्री राम मूर्ति स्मारक स्कूल की टीम को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में सरसैय्यद की टीम प्रथम व सरस्वती विद्यामन्दिर सिविल लाइन की टीम द्वितीय स्थान पर रही। डा. राधाकृष्ण विद्या मंदिर स्कूल उन्नाव को बालक वर्ग तृतीय और सरस्वती विद्या मंदिर सिविल लाइन्स उन्नाव बालक वर्ग को चतुर्थ स्थान प्राप्त हुआ। बालिका वर्ग में सरसैय्यद पब्लिक स्कूल उन्नाव ने सरस्वती विद्या मंदिर सिविल लाइन उन्नाव का मुकाबला रहा जिसमें सरसैय्यद प्रथम स्थान व सरस्वती विद्या मन्दिर सिविल लाइन की द्वितीय स्थान पर रही। डा. राधाकृष्ण विद्या मंदिर को तृतीय एवं श्री राम मूर्ति स्मारक स्कूल को चतुर्थ स्थान प्राप्त हुआ। संस्था के निदेशक श्यामल गुप्ता ने विजेताओं को ट्राफी और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता का समापन ऊर्जा स्पोर्ट्स क्लब के संयोजक डा. आशुतोष शुक्ला, राज कुमार एवं वैभव श्रीवास्तव द्वारा किया गया। इस अवसर पर खेल शिक्षक के रुप में नीरज त्रिपाठी, चंद्रशेखर, अर्चना दीक्षित व अमित विक्रम आदि ने प्रतिभाग किया।